Title: Need to accommodate the Village Health Guides in the proposed 'Village Health Mission' owing to the reported move to discontinue the Village Health Guides Schemes.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : अध्यक्ष महोदय, पिछले 25 वर्ों से जन स्वास्थ्य रक्षकों ने देश में सराहनीय कार्य किया है। देश में 6 लाख 17 हजार जन स्वास्थ्य रक्षक पद थे जिनमें 3 लाख 97 हजार पद रिक्त हैं। महाराट्र में जन स्वास्थ्य रक्षक योजनाâ€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Is it a matter of the Central Government or State Government?

प्रो. महादेवराव शिवनकर : यह केन्द्र सरकार की योजना है। महाराट्र में जन स्वास्थ्य रक्षकों के 45 हजार 427 पद हैं, जिनमें से 34,566 लोग आज जीवित हैं।

महाराट्र सरकार ने इसे किसी भी प्रकार से पिछले तीन-चार वर्ों से मानधन या अन्य कोई धनराशि नहीं दी है। केन्द्र सरकार ने कहने के बाद उन्हें पत्र भेजा है। ऐसी स्थिति में वहां पाड़ा स्वयं सेवक योजना तैयार की गई, लेकिन उसमें भी उन्हें नहीं लिया गया। अब ऐसी चर्चा है कि केन्द्र सरकार जन स्वास्थ्य रक्षक योजना बंद करने जा रही है और उसके स्थान पर ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना अप्रैल माह से शुरू करने वाली है। अगर यह सच है कि केन्द्र सरकार जन स्वास्थ्य रक्षक योजना बंद करके उसके स्थान पर ग्रामीण स्वास्थ्य योजना शुरू करने वाली है तो हमारा कहना है कि जो 3 लाख 97 हजार जन स्वास्थ्य रक्षक इस योजना में हैं, उन्हें ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना में प्राथमिकता दी जाए, उनका इसमें समावेश किया जाए। जो लोग पहले नियुक्त हुए हैं, उनकी सुरक्षा की जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो 3 लाख 97 हजार लोगों के साथ बहुत बड़ा अन्याय होगा। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार ध्यान इस ओर आकृट कर रहा हूं।